# बिहार, सरकार
## उद्योग निदेशालय, बिहार, पटना।

**अपर मुख्य सचिव, उद्योग विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में दिनांक–18.02.2022 को आयोजित पी0एम0ई0जी0पी0 राज्यस्तरीय अनुश्रवण समिति एवं राज्यस्तरीय बैंकर्स समिति की उप समिति उद्योग की संयुक्त बैठक की कार्यवाही :–**

उपस्थिति :– (संलग्न)।

सर्वप्रथम निदेशक, खादी ग्रामोद्योग आयोग, पटना द्वारा बैठक में उपस्थित राज्य सरकार एवं बैंको के पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी के चित्र पर माल्यार्पण के पश्चात बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी।

खादी ग्रामोद्योग आयोग के राज्य निदेशक द्वारा पी0एम0ई0जी0पी0 के वर्तमान वित्तीय वर्ष के लक्षांक के सापेक्ष में उपलब्धि एवं प्रगति पर संक्षिप्त प्रकाश डाला। वित्तीय वर्ष 2021-22 में राज्य के भौतिक लक्ष्य 3415 एवं वित्तीय (मार्जिन मनी) लक्ष्य **रू.10159.00** लाख के विरूद्ध बैंकों की भौतिक उपलब्धि 1465 एवं मार्जिन मनी उपलब्धि **रू.4887.97** लाख हुई है, जो राज्य के वित्तीय लक्ष्य का 48.11 प्रतिशत है।

अपर मुख्य सचिव, उद्योग विभाग बिहार सरकार द्वारा बैंकवार प्रगति की समीक्षा की गयी एवं निम्न निर्देश दिये गये :–

1. **भारतीय स्टेट बैंक** :–अपर मुख्य सचिव ने भारतीय स्टेट बैंक की उपलब्धि पर असंतोष व्यक्त किया बैंक के भौतिक लक्ष्य 570 एवं मार्जिन मनी लक्ष्य रू0 1695.75 लाख के विरूद्ध 3052 आवेदन पत्र बैंक शाखाओं में अग्रसारित किया गया। बैंक द्वारा 118 आवेदकों को ऋण मार्जिन मनी रू0 327.94 लाख का भुगतान किया गया है, जो लक्ष्य का मात्र 19.34 प्रतिशत है जो अत्यन्त असोंतषजनक है। बैठक में उपस्थित भारतीय स्टेट बैंक के पदाधिकारी से इस संबंध में विशेष कार्य योजना तैयार कर दिनांक–28.02.2022 तक वर्तमान वित्तीय वर्ष के लक्ष्य प्राप्ति हेतु शत्–प्रतिशत ऋण स्वीकृति करने का अनुरोध किया गया तथा इस संबंध में 28 फरवरी को भारतीय स्टेट बैंक के साथ समीक्षा बैठक आहूत करने का निदेश दिया गया।

भारतीय स्टेट बैंक के सहायक महाप्रबन्धक ने बताया कि समीक्षा बैठक के पूर्व शत्–प्रतिशत ऋण स्वीकृति देने का प्रयास करेंगें। (अनुपालन भारतीय स्टेट बैंक)

2. **पंजाब नेशनल बैंक** :–बैंक ने वर्तमान वित्तीय वर्ष 2021–22 भौतिक लक्ष्य 483 एवं वित्तीय लक्ष्य 1436.99 लाख के विरूद्ध 329 आवेदन मार्जिन मनी 1085.19 भुगतान किया तथा 521 आवेदनों को ऋण स्वीकृति प्रदान की जिसमें मार्जिन मनी रू0 1698.77 लाख मार्जिन मनी भुगतान होगा। अध्यक्ष महोदय ने पंजाब नेशनल बैंक के वर्तमान वित्तीय वर्ष लक्ष्य उपलब्धि पर बैंक की प्रशंसा की तथा बैंक से अनुरोध किया कि लक्षांक से अधिक ऋण वितरण का पूर्ण प्रयास करें ताकि बिहार राज्य का प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम शत्–प्रतिशत लक्ष्य से अधिक प्राप्त किया जा सकें। बैंक के उप महाप्रबन्धक ने आश्वासन दिया कि वर्तमान वर्ष में उनके बैंक की उपलब्धि पिछले वर्ष से बेहतर होगी। (अनुपालन पंजाब नेशनल बैंक)

3. **सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया** :–बैंक ने भौतिक लक्ष्य 331 एवं मार्जिन मनी रू. 984.83 लाख के विरूद्ध 115 आवेदनों में मार्जिन मनी 458.66 लाख की उपलब्धि हासिल कर लिया है जो लक्ष्य का 46.57 प्रतिशत है। बैंक द्वारा वर्तमान वित्तीय वर्ष मे लक्षांक के शत्–प्रतिशत उपलब्धि हासिल करने का आश्वासन दिया। (अनुपालन सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया)

4. **बैंक ऑफ बड़ौदा**:–वर्तमान वर्ष में बैंक ऑफ बड़ौदा को भौतिक लक्ष्य 280 आवेदनों 833.08 लाख रू0 के विरूद्ध 88 आवेदनों में मार्जिन मनी 439.19 लाख की उपलब्धि हासिल कर लिया है। जो लक्ष्य के 52.72 प्रतिशत है। बैंक की उपलब्धि पर असंतोष व्यक्त किया। 28 फरवरी 2022 तक लक्ष्य हासिल करने करने का अनुरोध किया। (अनुपालन बैंक ऑफ बड़ौदा )

कृ0प0उ0

RANJAN KUMAR (SATISH SIR) 94

5. **बैंक ऑफ इंडिया**:–बैंक ने भौतिक लक्ष्य 270 आवेदनों 803.36 लाख रू0 के विरूद्ध 336 आवेदनों में मार्जिन मनी रू0 1050.89 लाख ऋण स्वीकृति दिया। तथा 231 आवेदनों में मार्जिन मनी रू0 715.52 लाख भुगतान किया है जो लक्ष्य का 89.07 प्रतिशत है। बैंक की उपलब्धि की प्रशंसा की गई। वर्तमान वित्तीय वर्ष में उपलब्धि में और वृद्धि करने का अनुरोध किया गया।

(अनुपालन बैंक ऑफ इंडिया )

6. **इंडियन बैंक**:–बैंक द्वारा वर्ष 2021–22 में भौतिक लक्ष्य 220 आवेदनों 654.62 लाख रू0 के विरूद्ध 79 आवेदनों में मार्जिन मनी 293.37 लाख की उपलब्धि हासिल कर लिया है जो लक्ष्य का 44.82 प्रतिशत हासिल की। बैंकों के सहायक महाप्रबंधक ने आश्वासन दिया कि वर्तमान वर्ष में शत्–प्रतिशत उपलब्धि हासिल किया जाएगा तथा 28 फरवरी समीक्षा बैठक के पहले शेष 121 आवेदनों में ऋण स्वीकृति प्रदान कर दी जाएगी तथा मार्जिन मनी दावा कर दिया जाएगा।

(अनुपालन इंडियन बैंक)

7. **केनरा बैंक**:–बैंक द्वारा वर्ष 2021–22 में भौतिक लक्ष्य 253 आवेदनों 752.42 लाख रू0 के विरूद्ध 213 आवेदनों में मार्जिन मनी 772.44 लाख रूपया ऋण स्वीकृति प्रदान किया तथा 174 आवेदनों में मार्जिन मनी 595.16 लाख की उपलब्धि हासिल कर लिया है जो लक्ष्य का 79.10 प्रतिशत है। बैंक की उपलब्धि की प्रशंसा की गई तथा लक्ष्य से अधिक ऋण स्वीकृति हेतु अनुरोध किया।

(अनुपालन केनरा बैंक )

8. **यूनियन बैंक ऑफ इंडिया**:–बैंक द्वारा वर्ष 2021–22 में भौतिक लक्ष्य 185 आवेदनों रू0 550.38 लाख रू0 के विरूद्ध 72 आवेदनों में मार्जिन मनी 262.76 लाख की उपलब्धि हासिल कर लिया है जो लक्ष्य का 47.74 प्रतिशत है। बैंक की उपलब्धि पर असंतोष व्यक्त किया गया तथा यथाशीघ्र लक्ष्य हासिल करने करने का अनुरोध किया गया। (अनुपालन यूनियन बैंक ऑफ इंडिया )

9. **यूको बैंक**:–बैंक द्वारा वर्ष 2021–22 में भौतिक लक्ष्य 171 आवेदनों 508.73 लाख रू0 के विरूद्ध 22 आवेदनों में मार्जिन मनी 43.54 लाख की उपलब्धि हासिल कर लिया है जो लक्ष्य का 8.56 प्रतिशत है। बैंक की उपलब्धि पर असंतोष व्यक्त किया गया तथा यथाशीघ्र लक्ष्य हासिल करने करने का अनुरोध किया गया। बैंक के आंचलिक प्रबंधक ने वर्तमान वित्तीय वर्ष में लक्ष्य की प्राप्ति हेतु हर संभव प्रयास करने का आश्वासन दिया। (अनुपालन यूको बैंक )

10. **इंडियन ओवरसीज बैंक**:–बैंक द्वारा वर्ष 2021–22 में भौतिक लक्ष्य 45 आवेदनों 133.77 लाख रू0 के विरूद्ध 24 आवेदनों में मार्जिन मनी 107.02 लाख की उपलब्धि हासिल कर लिया है जो लक्ष्य का 80.00 प्रतिशत है।बैंक की उपलब्धि की प्रशंसा की गई वर्तमान वर्ष में इसी प्रकार उपलब्धि बनाए रखने के लिए कहा गया। (अनुपालन इंडियन ओवरसीज बैंक )

11. **उत्तर बिहार ग्रामीण बैंक**– बैंक द्वारा वर्ष 2021–22 में भौतिक लक्ष्य 188 आवेदनों 559.33 लाख रू0 के विरूद्ध 142 आवेदनों में मार्जिन मनी 279.31 लाख की उपलब्धि हासिल कर लिया है जो लक्ष्य का 49.94 प्रतिशत है।बैंक को उपलब्धि पर असंतोष व्यक्त किया बैंक को यथाशीघ्र लक्ष्य हासिल करने करने का अनुरोध किया। बैंक द्वारा शत्–प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति का आश्वासन दिया गया।

(अनुपालन उत्तर बिहार ग्रामीण बैंक)

12. **दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक**– बैंक द्वारा वर्ष 2021–22 में भौतिक लक्ष्य 216 आवेदनों 642.65 लाख रू0 के विरूद्ध 35 आवेदनों में मार्जिन मनी 121.03 लाख की उपलब्धि हासिल कर लिया है जो लक्ष्य का 18.83 प्रतिशत है।बैंक को उपलब्धि पर असंतोष व्यक्त किया बैंक को यथाशीघ्र लक्ष्य हासिल करने करने का अनुरोध किया। (अनुपालन दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक )

13. **आईडीबीआई बैंक** –निजी क्षेत्र की बैंक में इस बैंक ने भौतिक लक्ष्य 52 एवं वित्तीय लक्ष्य रू0 154.53 लाख के विरूद्ध 15 आवेदनों में 77.72 लाख मार्जिन मनी स्वीकृति प्रदान किया तथा 10 आवेदनों में मार्जिन मनी 61.97 लाख भुगतान किया गया जो कि लक्ष्य का 40.10 प्रतिशत है। बैंक को उपलब्धि पर असंतोष व्यक्त किया बैंक को यथाशीघ्र लक्ष्य हासिल करने करने का अनुरोध किया।

(अनुपालन आईडीबीआई बैंक )

कृ0प0उ0

14. **निजी क्षेत्र के बैंक** :–निजी क्षेत्र के बैंको में मात्र एक्सिस बैंक की उपलब्धि वर्ष 2021-22 में 38.02% रही। बैंक ने वित्तीय वर्ष में लक्ष्य प्राप्त कर लेने का आश्वासन दिया।

निजी क्षेत्र के बैंक आईसीआईसीआई बैंक ने वर्तमान वर्ष में लक्ष्य प्राप्ति का आश्वासन दिया तथा शेष अन्य निजी क्षेत्र बैंक बैठक में उपस्थित नही थें। अन्य बैंको के शून्य प्रगति रहने पर नाराजगी व्यक्त की गयी तथा शत्–प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने का निर्देश दिया।

(अनुपालन संबंधित बैंक)

बैंक को अनुसूचित जाति एवं जन जाति के आवेदन पत्रों को ऋण देने में विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। बैंकों से अनुरोध किया गया कि इस कार्यक्रम के कुल स्वीकृति का 16% अनुसूचित जाति को, तथा 8% अनुसूचित जन जाति को वित्तपोषित किया जाए।

(अनुपालन सभी बैंक)

प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम अंतर्गत असंतोषजनक उपलब्धि वाले प्रमुख बैंक यथा SBI, UCO BANK, BOB, UNION BANK OF INDIA, CBI, INDIAN BANK, DBGB, ICICI, AXIS BANK एवं IDBI के साथ दिनांक–28.02.2022 को बैठक आहूत करने का निदेश दिया गया। साथ ही बैठक के पूर्व लक्ष्यानुसार ऋण स्वीकृति एवं स्वीकृति के पश्चात् लंबित ऋण प्रस्ताव का भुगतान करने का अनुरोध बैंकों से किया गया।

(अनुपालन सभी बैंक )

ii. **पीएमईजीपी–II ऋण** :–समीक्षा के दौरान पीएमईजीपी–II ऋण की प्रगति पर असन्तोष व्यक्त किया तथा प्रत्येक बैंक के प्रतिनिधियों से अनुरोध किया गया कि बैंक के शाखा प्रबन्धक उनकी शाखा के सफल पीएमईजीपी इकाइयों की सूची अपने क्षेत्रीय/आंचलिक कार्यालय को दे तथा बैंक के मुख्य महाप्रबन्धक/आंचलिक प्रबंधक/क्षेत्रीय प्रबन्धक अपने कार्यालय मे विशेष बैठक के माध्यम से द्वितीय ऋण हेतु ऋण आवेदनों का सृजन कर उद्यमियों को इस संम्बन्ध में प्रोत्साहित करे, तथा बैंक में लंबित आवेदन पत्रों को शीघ्र निष्पादन करें। जिससे अधिक से अधिक पी.एम.ई.जी.पी. द्वितीय ऋण का वित्त पोषण किया जा सके।

(अनुपालन सभी बैंक)

**iii. SIPB** :-समीक्षा के क्रम में बैंकों द्वारा **SIPB** अंतर्गत अनुमोदित प्रस्ताव की सूची उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया, ताकि बैंक अपने स्तर से उद्यमियों से सम्पर्क कर सके। अनुमोदित परियोजनाओं/प्रस्ताव की सूची संयोजक रज्यस्तरीय बैंकर्स समिति एवं बैंकों को उपलब्ध कराने का निदेश उप उद्योग निदेशक, **SIPB** को दिया गया है।

**(अनुपालन SIPB/SLBC एवं संबंधित बैक)**

iv. **बुनकर मुद्रा योजना** :–बुनकर मुद्रा योजनार्न्गत वित्तीय वर्ष 2021–22 में कुल लक्ष्य 5411 के विरूद्ध 2060 आवेदन पत्र विभिन्न बैंक शाखाओं में ऋण स्वीकृति/भुगतान हेतु अग्रसारित किया गया है। बैंकों द्वारा अबतक मात्र 31 आवेदनों को ऋण स्वीकृति की गयी है। त्वरित कार्रवाई हेतु बुनकर बाहुल जिलों के अग्रणी बैंक प्रबंधकों तथा महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्रों के साथ VC के माध्यम से एक बैठक आहूत करने का निदेशक, हस्तकरघा एवं रेशम निदेशालय को दिया गया। साथ ही बुनकरों की जिलावार सूची, बैंक/शाखा का नाम, मो0 नं0 एवं पूर्ण पता सहित बैंकों को उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया।

बुनकर मुद्रा योजना ऋण स्वीकृति के उपरान्त पी0एन0बी0 के पोर्टल पर अपलोड करने एवं मार्जिन मनी क्लेम करने की प्रकिया का प्रजेन्टेशन बैंको के साथ करने का निदेश पी0एन0बी0 को दिया गया।

**(अनुपालन हस्तकरघा एवं रेशम निदेशालय, पंजाब नेशनल बैंक/राज्यस्तरीय बैंकर्स समिति)**

कृ0प0उ0

पी0एम0ई0जी0पी0 राज्यस्तरीय अनुश्रवण समिति एवं राज्यस्तरीय बैंकर्स समिति की उप समिति उद्योग की अगली संयुक्त बैठक 15 मार्च 2022 को आयोजित करने का निदेश दिया गय एवं सभी बैंकों से बैठक के पूर्व पी0एम0ई0जी0पी0 योजना का शत–प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने का अनुरोध किया गया।

अत में सधन्यवाद बैठक की समाप्ति की गयी।

ह0/–
**अपर मुख्य सचिव,**
उद्योग विभाग,
बिहार, पटना।

ज्ञापांक–09/उ0नि0/विविध/**SLBC Sub Committee**/बैठक–01–2021 723 पटना, दिनांक 28.2.22

**प्रतिलिपि** :–सभी संबंधित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित्।
**2.** आई0टी0 प्रबंधक, उद्योग विभाग को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने एवं सभी संबंधित को ई–मेल के माध्यम से भेजने हेतु प्रेषित।

28/2/22
**अपर मुख्य सचिव,**
उद्योग विभाग,
बिहार, पटना।

RANJAN KUMAR (SATISH SIR) 97